हरिभूमि

# झज्जर-बहादुरगढ़ भूमि

रोहतक, शनिवार, 31 मई 2025

11 नशे के प्रति ग्रामीणों को किया जागरूक



12 बाजार में फैले अतिक्रमण पर चलाया पीला पंजा



## खबर संक्षेप

### चौकसे ने एसडीएम का पदभार संभाला



**झज्जर।** भारतीय प्रशासनिक सेवा 2022 बैच के अधिकारी अधिकारी अंकित कुमार चौकसे ने एसडीएम झज्जर का पदभार संभाल लिया। इससे पूर्व वे गुरुग्राम के बादशाहपुर उपमंडल में एसडीएम के रूप में तथा माता शीतला देवी श्राइन बोर्ड में मुख्य कार्यकारी अधिकारी के पद पर अपनी सेवाएं दे चुके हैं। कार्यभार संभालने उपरांत उन्होंने कहा कि उपमंडल में प्रशासनिक व्यवस्था को मजबूत करना और केंद्र तथा राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करना उनकी प्राथमिकता रहेगी।

### अवैध हथियार व कारतूस सहित एक गिरफ्तार

**झज्जर।** सीआईए की एक टीम द्वारा अवैध हथियार व पांच जिंदा कारतूस सहित एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। सीआईए प्रभारी विवेक मलिक ने बताया कि पुलिस की एक टीम गांव सिकंदरपुर क्षेत्र में गश्त पर तैनात थी। इसी दौरान पुलिस टीम को देखकर एक व्यक्ति भागने का प्रयास करने लगा। जिस पर कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम द्वारा शक की बिनाह पर उसे पकड़ा गया। पकड़े गए व्यक्ति की तलाशी लेने पर उसके कब्जे से एक अवैध हथियार व पांच जिंदा कारतूस बरामद हुए। आरोपी की पहचान नीरज निवासी जहांगीरपुर जिला झज्जर के तौर पर की गई है। आरोपी के खिलाफ नियमानुसार कार्यवाई करते हुए स्थानीय अदालत में पेश किया गया। जहां से आरोपी को अदालत के आदेशानुसार न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

### शोरूम से एक लाख रुपये व मोबाइल चोरी

**बहादुरगढ़ ।** झज्जर रोड स्थित एक मोटर शोरूम में चोरी की वारदात हो गई। एक लाख रुपये कैश और मोबाइल गायब है। शोरूम के गार्ड पर ही चोरी का शक जताया गया है। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।सफदरजंग एंक्लेव के निवासी कर्ण कुमार का कहना है कि वह यहां बहादुरगढ़ में स्थित एक मोटर शोरूम में बॉडीशॉप मैनेजर है। गत 26 मई को कंपनी की ओर से दिया गया मोबाइल चोरी हो गया। गत 28 मई को मैंने एक लाख रुपये कार्यालय की दराज में रखे थे। अगली सुबह वह रकम भी नहीं मिली। इसके बाद हमने सीसीटीवी चेक किए। जांच में कुछ सुराग सामने आए हैं। हमें कंपनी के गार्ड सुमित पर चोरी की शंका है। वहीं, पुलिस का कहना है कि मामले में जांच की जा रही है।

### एक आरोपी भेजा जेल, दूसरा रिमांड पर

**बहादुरगढ़।** यंशु हत्याकांड में पकड़े गए आरोपी शुक्रवार को अदालत में पेश किए गए। अदालत में पेश करने के बाद एक आरोपी को जेल भेज दिया गया। जबकि दूसरे को एक दिन के रिमांड पर लिया गया है। रिमांड अवधि में पुलिस मुख्य आरोपी से वारदात में प्रयोग किए गए चाकू को बरामद करने का प्रयास तथा हत्या के कारणों के बारे में पूछताछ करेगी। दरअसल, गत दयानंद नगर का निवासी यंशु बीते मंगलवार की रात को दूध लेने के लिए घर से निकला था लेकिन वापस नहीं लौटा। बुधवार की सुबह शहीद भगत सिंह पार्क में उसका शव पाया गया। गर्दन पर तेजधार हथियार से वार कर उसे मौत के घाट उतारा गया था। मामले में सिटी पुलिस और सीआईए ने कार्रवाई करते हुए दो आरोपी पकड़े थे। इनकी पहचान सागर निवासी नूना माजरा और राजेश निवासी बिहार के रूप में हुई। दोनों शुक्रवार को अदालत में पेश किए गए। राजेश को जेल भेज दिया गया। जबकि सागर को एक दिन के रिमांड पर लिया गया है। प्रारंभिक तौर पर सामने आया है कि राजेश, यंशु को जानता था।

## रात 8 से 8.15 बजे तक ब्लैकआउट : एयर रेड सायरन बजेगा

# तीन स्थानों पर होगा दूसरा सिविल डिफेंस अभ्यास 'ऑपरेशन शील्ड'

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

शनिवार को राष्ट्रीय सुरक्षा के वर्तमान परिप्रेक्ष्य को ध्यान में रखते हुए हरियाणा सरकार के दिशा-निर्देशानुसार जिले में उपमंडल बहादुरगढ़, बादली व बेरी में चिह्नित स्थानों पर दूसरा सिविल डिफेंस अभ्यास ऑपरेशन शील्ड आयोजित किया जाएगा। डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल ने बताया कि मॉक ड्रिल अभ्यास जिले में तीन चिन्हित स्थानों पर सांय पांच बजे से प्रारंभ होगा। उन्होंने बताया कि सिविल डिफेंस मॉक ड्रिल के दौरान कई महत्वपूर्ण आपातकालीन स्थितियों का अभ्यास किया जाएगा। इसमें सिविल डिफेंस वॉलंटियर्स की सामान्य/साइलेंट रिकॉल, एयर रेड व सिविल डिफेंस कंट्रोल रूम्स के बीच हॉटलाइन का संचालन तथा एयर रेड साइरनों का साझा अभ्यास शामिल है। उन्होंने कहा कि सिविल डिफेंस अभ्यास ऑपरेशन शील्ड की व्यापक योजना तैयार की गई है व इसमें संबंधित विभागों की सक्रिय भागीदारी रहेगी।

डीसी ने बताया कि सिविल डिफेंस अभ्यास के दौरान पूरे जिले में सायं 8 बजे से 15 मिनट का ब्लैकआउट किया जाएगा।



■ सिविल डिफेंस अभ्यास ऑपरेशन शील्ड की व्यापक योजना तैयार

■ अभ्यास सांय पांच बजे से शुरू होगा : उपायुक्त

ब्लैकआउट नागरिक क्षेत्रों, महत्वपूर्ण स्थलों में किया जाएगा। यह ब्लैकआउट आपातकालीन सेवाओं को छोड़कर सभी पर लागू रहेगा। जिसमें आवश्यक सेवाएं जैसे अस्पताल, अग्निशमन केंद्र और पुलिस स्टेशन शामिल नहीं होंगे। यह अभ्यास नागरिकों को बिना घबराए संयम बनाए रखते हुए सतर्क रहने की दृष्टि से किया जाएगा।

## वालंटियर्स को दी आपदा राहत ट्रेनिंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

जिला उपायुक्त स्वप्निल रविंद्र पाटिल के दिशा-निर्देशन में आईटीआई जहांगीरपुर में शुक्रवार को सिविल डिफेंस वॉलंटियर्स रजिस्ट्रेशन कैंप का आयोजन किया गया। कैंप में स्वयंसेवकों ने बढ़-चढक़र भाग लिया और प्रशिक्षण प्राप्त कर आपदा प्रबंधन से जुड़े दायित्वों को निभाने का संकल्प लिया।एसडीएम सतीश यादव ने बताया कि यह विशेष अभियान आपदा की स्थिति में स्थानीय नागरिकों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से शुरू किया गया है। उन्होंने बताया कि कैंप में पूर्व सैनिकों, पूर्व पुलिसकर्मियों, एनसीसी, एनएसएस, रेडक्रॉस व अन्य सामाजिक संगठनों से जुड़े युवाओं तथा नागरिकों ने भाग लिया। रजिस्ट्रेशन के बाद प्रतिभागियों को सिविल डिफेंस से संबंधित बुनियादी प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षकों ने वॉलंटियर्स को आपदा की स्थिति में तत्परता, संयम और समन्वय के साथ कार्य करने के गुर सिखाए। आपदा प्रबंधन से जुड़े वीडियो भी दिखाए गए, जिनके माध्यम से प्रतिभागियों को वास्तविक स्थितियों से अवगत कराया गया। एसडीएम ने बताया कि इच्छुक नागरिक सिविल डिफेंस टीम में शामिल होने के लिए ऑनलाइन पंजीकरण कर सकते हैं। इस मौके पर तहसीलदार अजय कुमार, प्रशिक्षण रेडक्रॉस सोसायटी के फर्स्ट एड प्रवक्ता कंचन कुमार व आईटीआई झज्जर के प्राचार्य एवं नोडल अधिकारी जीत पाल आदि मौजूद रहे।



बहादुरगढ़। कैंप में फर्स्ट एड के बारे में जानकारी देते रेडक्रॉस के कर्मचारी।

# सुरक्षा की दृष्टि से पार्कों में होमगार्ड किए तैनात

## शहीद भगत सिंह पार्क में युवक की हत्या के बाद जागा प्रशासन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

शहीद भगत सिंह पार्क में हत्या के बाद पुलिस प्रशासन हरकत में आया है। पुलिस की ओर से शहर के पार्कों की निगरानी बढ़ा दी गई है। साथ ही पार्कों में शाम से लेकर रात 11 बजे तक होमगार्ड भी तैनात कर दिए गए हैं। दरअसल, बहादुरगढ़ के अधिकांश पार्कों में नशेड़ियों का जमावड़ा लगा रहता है। शाम ढलते ही नशेड़ी तत्व पार्कों में नशाखोरी शुरु कर देते हैं। अक्सर नशेड़ियों के बीच झगड़े हो जाते हैं। इससे पार्क में आने वाले आम नागरिक खुद को असुरक्षित महसूस करते हैं। बुधवार की सुबह तो यहां भगत सिंह पार्क में एक युवक की हत्या कर दी गई थी। इस वारदात के बाद लोगों द्वारा पार्कों की सुरक्षा पर ध्यान देने की मांग उठाई गई। इस दिशा में अब पुलिस विभाग भी सख्त हुआ है। डीसीपी मयंक मिश्रा की ओर से पुलिस कर्मियों को पार्कों की निगरानी रखने के निर्देश दिए गए हैं। इतना ही नहीं, सुरक्षा के लिहाज से कुछ पार्कों में तो तुरंत प्रभाव से होमगार्ड की ड्यूटी लगा दी गई है। इसके अलावा अधिकारियों ने पीसीआर व राइडर टीम को भी पार्क पर नजर रखने को कहा है। अधिकारियों का कहना है कि यदि पार्क में कोई नशा करता है या कोई असामाजिक हरकत करता है तो उस पर सख्त कार्रवाई हो। आमजन भी जिम्मेदारी दिखाए। पार्क या आसपास कोई नशा करता नजर आए तो तुरंत पुलिस को सूचित करें ताकि समय रहते उचित कार्रवाई की जा सके।



बहादुरगढ़। सुरक्षा की दृष्टि से पार्क में तैनात होम गार्ड।

### शाम पांच से रात 11 बजे तक तैनात रहेंगे

फिलहाल भगत सिंह पार्क, रेलवे पार्क, इंदिरा मार्केट वाले पार्क, नंदी शाला के पास स्थित पार्क, देवीलाल पार्क और सरकारी अस्पताल के नजदीक स्थित पार्क में शाम पांच से रात 11 बजे तक होमगार्ड डंडा लेकर तैनात रहेंगे। पार्कों के आसपास नशे का सामान बेचने वालों पर भी पुलिस की नजर रहेगी।

# आसौदा टोडराण में प्लाट विवाद में ताई पर चलाई गोलियां, बाल बाल बची

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

गांव आसौदा टोडराण में शुक्रवार की अल सुबह गोलियां चल गई। यहां एक युवक द्वारा अपनी ताई पर जान से मारने की नीयत से फायरिंग करने की बात सामने आई है। हमले में महिला बाल बाल बच गई। मामला प्लाट विवाद से जुड़ा बताया जा रहा है। पुलिस ने मामले में छानबीन शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में आसौदा टोडराण की निवासी माया देवी ने कहा है कि देवर दिलबाग के परिसर के साथ गांव में ही मौजूद एक प्लाट को लेकर विवाद चल रहा है। देवर का लड़का अमन कई बार हमारे साथ झगड़ा कर चुका है। शुक्रवार की सुबह करीब चार बजे मैं घर के आंगन में झाड़ू लगा रही थी। इसी दौरान देवर का लड़का अमन अपने कुछ साथियों संग गाड़ी में आया। गाड़ी से नीचे उतरकर उसने जान से मारने की नीयत से मेरी तरफ फायर किया। जब मैं बचाव के लिए मकान के अंदर घुसी तो उसने फिर से फायर किए। फिर धमकी दी और कहने लगा कि प्लाट की तरफ देखा तो जान से मार दूंगा। शोर मचाया तो वह अपने साथियों संग गाड़ी में बैठकर फरार हो गया। उधर, सूचना पाकर आसौदा थाने से पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। माया की शिकायत पर पुलिस ने अमन व उसके अज्ञात साथियों पर संबंधित धाराओं के तहत केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि मामले में जांच की जा रही है। आरोपियों को तलाशा जा रहा है। जल्द ही वारदात सुलझाई जाएगी।

■ शुक्रवार अल सुबह का मामला

■ फायरिंग के बाद आरोपी साथियों के साथ गाड़ी में बैठकर फरार

### भूमि विवाद में कई लोग घायल




**बहादुरगढ़।** गांव खरमाण में जमीन विवाद के चलते कुणबे के ही कुछ लोग आपस में भिड़ गए। कई लोगों को चोट आई है। फिलहाल एक पक्ष की शिकायत पर सदर थाने में आरोपी पक्ष के दस लोगों पर एफआईआर हुई है। पुलिस को दी शिकायत में खरमाण की निवासी रानी ने कहा है कि कुणबे के कुछ लोग हमारी जमीन पर रास्ते के नाम पर कब्जा करना चाहते हैं। इस संबंध में हमने पहले भी शिकायतें कर रखी है। वीरवार को हमें सूचना मिली कि वे लोग मिट्टी डालकर व पोल लगाकर कब्जा कर रहे हैं। इस पर मैं, पति मनोज, बहन सविता, जेठ राजकुमार, लड़का हिमांशु, सास राजबाला और ससुर हरिओम वहां गए। हमने कब्जा रोकने की कोशिश की तो वे हमें मारने को दौड़े। बचने के लिए पीछे जाने लगे तो उन्होंने हमारा रास्ता रोक लिया। फिर कस्सियों से हमला कर दिया। इस हमले में हम सभी को काफी चोट आई। जैसे तैसे हमने अपनी जान बचाई। आरोपियों ने जान से मारने की धमकी भी दी है। उधर, पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। पांच महिलाओं सहित कुल दस आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत सदर थाने में केस दर्ज किया गया है।

### पिस्तौल दिखाकर धमकी देने का आरोपी गिरफ्तार, केस दर्ज

**बहादुरगढ़।** नशे की हालत में गाड़ी को सड़क के बीच खड़ी करके आमजन के लिए मुसीबत पैदा करने और पिस्तौल दिखाकर भय पैदा करने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी को जेल भेज दिया गया है। सिटी एसएचओ दिनकर सिंह के मुताबिक, शहर के निवासी केशव ने शिकायत दी थी कि 15 मई की रात को वह अपनी दुकान से घर की तरफ जा रहा था। रास्ते में सैय्यद के पास एक टेंपरेरी नंबर की गाड़ी रोड के बीच में खड़ी थी। जब मैंने गाड़ी हटाने के लिए हॉर्न बजाया तो गाड़ी पीछे आने लगी।

चालक नशे में होने के कारण गाड़ी नहीं संभाल पा रहा था। चालक ने गाड़ी से नीचे उतरकर गाली दी और पिस्तौल निकाल ली। फिर धमकी दी। मामले में आरोपी जितेंद्र निवासी जसोरखेड़ी को काबू कर लिया है। आरोपी से वारदात में इस्तेमाल की गई गाड़ी व पिस्तौल बरामद कर ली गई है।

■ पुलिस ने आरोपी जितेंद्र निवासी जसोरखेड़ी को काबू किया

## शहीद सूबेदार सतपाल सिंह की मूर्ति का अनावरण

**झज्जर।** शुक्रवार को क्षेत्र के गांव सुंदरहेटी में शहीद सूबेदार सतपाल सिंह यादव की मूर्ति का अनावरण किया गया। युवाओं और आमजन ने शहीद सतपाल सिंह अमर रहे के नारे लगाए और शहीद की प्रतिमा को नमन किया जिप चेयरमैन कप्तान सिंह बिरधाना ने पुष्प अर्पित करते हुए कहा कि अमर शहीदों की बदौलत ही हम खुली हवा में सांस ले रहे है। झज्जर की भूमि वीरों की भूमि है। वहीं यादव महासभा के पूर्व प्रधान वीरेंद्र सिंह दरोगा ने कहा कि देश के लिए शहादत देने वाले जवानों में यादव समाज का विशेष योगदान है। अहीरवाल का कोई भी गांव ऐसा नहीं है जिसमें देश पर शहीद होने वाले जवानों का इतिहास नहीं हो। उन्होंने युवाओं को शहीदों के दिखाएं मार्ग पर चलने का आहवान किया। इस दौरान दीपक झांसवा, संजय मुंडाहेडा, संजय यादव, राव नाहर सिंह, कैप्टन युद्धवीर सिंह, कैप्टन चांद सिंह, कैप्टन सुरेंद्र सिंह, कैप्टन रामावतार, राजेश कुमार, युद्धवीर बोहरा, कृष्ण कुमार, कप्तान भरत सिंह, बलवान सिंह सहित अन्य मौजूद रहे।

■ ग्रामीणों ने शहीद सतपाल सिंह अमर रहे के नारे लगाए और उनकी प्रतिमा को नमन किया



झज्जर। शहीद की प्रतिमा को नमन करते जिप चेयरमैन कप्तान सिंह बिरधाना।

## निवेश का झांसा देकर शिक्षक से 2.59 लाख रुपये ठगे

**बहादुरगढ़।** साइबर ठगी के मामले लगातार बढ़ रहे हैं। अब एक टीचर के साथ वारदात हुई है। शातिरों ने इन्वेस्टमेंट के नाम पर उसको दो लाख 59 हजार 260 रुपये की चपत लगा दी। पीड़ित ने पुलिस को शिकायत दे दी है। शिकायत के आधार पर साइबर थाना पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। वारदात राजेश के साथ हुई है। राजेश का कहना है कि गत तीन मई को उसके फोन पर एक मैसेज आया। मैसेज करने वाली युवती की टेलीग्राम पर आईडी है। उसने इन्वेस्टमेंट संबंधित जानकारी दी। फिर निवेश कराना शुरू कर दिया। शातिरों ने कई बार करके मुझ से रुपये मंगवाए। जब तक उनकी मंशा समझ पाता, देर हो चुकी थी। फिर साइबर पोर्टल पर शिकायत दी। अब थाने में आकर लिखित शिकायत दी है। उधर, पुलिस का कहना है कि केस दर्ज कर लिया है। मामले में जांच की जा रही है।

# वाटर वर्क्स के नवीनीकरण कार्य का शुभारंभ, गर्मी के मौसम में लोगों को नहीं होगी पेयजल किल्लत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

विधायक राजेश जून ने शुक्रवार को परशुराम मार्ग पर स्थित मुख्य जल घर के सामने पिछले कई वर्षों से बंद पड़े वाटर वर्क्स के नवीनीकरण के कार्य का शुभारंभ किया। यह वाटर वर्क्स परनाला हसनपुर की जमीन पर बना हुआ है और पिछले कई वर्षों से बंद है। ग्राम सरपंच प्रतिनिधि अशोक राठी ने बताया कि पंचायत परनाला ने नवीनीकरण होने वाले इस वाटर वर्क्स का नामकरण भी भगवान परशुराम जल घर रखने का रेजुलेशन किया है और आज विधायक राजेश जून ने इसके नवीनीकरण के कार्य का शुभारंभ किया है।

इस बंद पड़े वाटर वर्क्स का नवीनीकरण कार्य शुरू करने के बाद विधायक राजेश जून ने मुख्य जल घर का भी दौरा किया ओर अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए।

■ विधायक राजेश जून ने किया शुभारंभ



■ अशोक राठी बोले-वाटर वर्क्स का नामकरण भी भगवान परशुराम जल घर रखने का रेजुलेशन किया

### जल घर का नवीनीकरण होने के बाद परनाला व शहर को फायदा

विधायक राजेश जून ने अधिकारियों से कहा कि गर्मी के मौसम में शहर की जनता को पीने के पानी की कमी की समस्या से न जूझना पड़े। इसके लिए अधिकारी अभी से ऐसी योजना बनाए कि लोगों को पेयजल की किल्लत का सामना न करना पड़े। विधायक राजेश जून ने कहा कि जल घर का नवीनीकरण होने के बाद गांव परनाला व शहर की जनता को इसका लाभ मिलेगा। लोगों के समक्ष पीने के पानी की किसी प्रकार की समस्या नहीं आएगी। इस अवसर पर पब्लिक हेल्थ के एसडीई संदीप दूहन, नितिन कुमार, जेई अतुल त्यागी, जितेंद्र,सरपंच प्रतिनिधि अशोक राठी, युवराज छिल्लर, ओमबीर, रमेश आदि उपस्थित रहे।

## दिनभर आसमान में छाए रहे बादल, तापमान में गिरावट



झज्जर। आसमान में छाए काले बादल।

**झज्जर।** शुक्रवार दिन की शुरूआत आसमान में छाए काले बादलों और ठंडी हवाओं के साथ हुई। बाद में भी दिनभर आसमान में बादल छाए रहे और हवाएं चलती रही।

जिसके कारण तापमान में गिरावट दर्ज की गई और लोगों को गर्मी से आंशिक राहत भी मिली। लेकिन बरसात नहीं होने कारण लोगों के हाथ मायूसी लगी। लोगों का कहना रहा कि अगर बारिश होती तो गर्मी से राहत मिलती। मौसम में बदलाव के बीच शुक्रवार को अधिकतम तापमान 37 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 26 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। विशेषज्ञ आगामी दिनों में भी मौसम परिवर्तनशील रहने का अनुमान लगा रहे है। उधर, लोगों द्वारा जल्द मानसून आने की कामना को लेकर मीठे पानी की छबील भी लगाई जा रही है।



ऑक्टोपस के तीन दिल होते हैं। एक शरीर के चारों ओर खून पंप करता है, जबकि बाकी दो दिल गलफड़ों में खून पंप करते हैं।



ध्रुवीय भालुओं की त्वचा काली होती है, जो उन्हें आर्कटिक जलवायु में गर्म रहने के लिए सूर्य से ऊष्मा अवशोषित करने में मदद करती है।

# गेमिंग इंडस्ट्री में भी विद्यार्थियों के लिए करियर संभव



नॉलेज

यंगभूमि डेस्क

हर विद्यार्थी 12वीं कक्षा करने के बाद किसी ऐसे करियर की तलाश में रहता है, जिसमें वह ग्रोथ होने के साथ ही अच्छा पैसा भी कमा सके। तो आज हम आपके लिए एक बेहतर करियर ऑप्शन लेकर आए हैं। आज जिस करियर विकल्प के बारे में हम बात करेंगे वह है गेमिंग इंडस्ट्री। इस क्षेत्र में आने के लिए अगर सोचा भी होगा तो आपके मन में कई सवाल आ रहे होंगे कि इस फील्ड में कैसे करियर बनाया जा सकता है, कितनी एजुकेशनल क्वालिफिकेशन होनी चाहिए, इस फील्ड में बेहतर जॉब मिलेगी भी या नहीं? इस क्षेत्र में करियर बनाना युवाओं को खासा पसंद होता है।

## फुल टाइम जॉब

इस समय देश में गेमिंग इंडस्ट्री में 50,000 से ज्यादा फुल टाइम इंप्लाई काम कर रहे हैं, जिनमें 30 प्रतिशत प्रोगामर और डेवलपर हैं। एक रिपोर्ट के अनुसार फाइनेंशियल ईयर 2022-23 में यह क्षेत्र 20 से 30 प्रतिशत की दर से ग्रोथ करने वाला है। इससे डायरेक्ट और इनडायरेक्ट तौर पर लाखों जॉब्स पैदा होने की संभावनाए हैं।

### गेम डिजाइनर

गेम डिजाइनर गेम के लेवल, उसके कैरेक्टर्स आदि तमाम बारीकियों को ध्यान में रखकर गेम को इंट्रेस्टिंग बनाने पर फोकस करते हैं। गेम राइटिंग और डायग्राम बनाकर इसके अलग-अलग वर्जन तैयार करते हैं। उन्हें डिटेल्ड टेक्नीकल नॉलेज होने के साथ ही उसकी सोच भी क्रिएटिव होनी चाहिए। गेम बनाने के लिए डिजाइनर, डेवलपर्स, आर्टिस्ट्स और अन्य प्रोफेशनल्स की टीम काम करती है।



## क्या चाहिए योग्यताएं

- कैंडिडेट ने साइंस स्ट्रीम से 12वीं पास किया हो।
- कंप्यूटर और सॉफ्टवेयर की नॉलेज होनी चाहिए।
- गेम डिजाइनर बनने के लिए आपकी इंग्लिश पर अच्छी पकड़ होनी जरूरी है।
- कंप्यूटर साइंस, गेम डिजाइनिंग, गेम डेवलपिंग, कंप्यूटर ग्राफिक्स, आर्ट, एनिमेशन, इलस्ट्रेशन या मार्केटिंग में बैचलर डिग्री या पेशेवर सर्टिफिकेशन कोर्स करने पर भी इस इंडस्ट्री में शानदार अवसर है।

### स्किल्स

- इस क्षेत्र में करियर बनाने वाले युवाओं को एनिमेशन, कांसेप्ट आर्ट, कैरेक्टर डिजाइन और विजुअल इफेक्ट की जानकारी होनी चाहिए।
- इस क्षेत्र में जावा, 2 डी गेम डेवलपर्स और 3 डी डेवलपर्स के लिए अपार संभावनाएं हैं।
- गेम डिजाइनिंग के साथ-साथ 3 डी मॉड्यूलिंग और 2 डी सॉफ्टवेयर की नॉलेज होना बहुत जरूरी है।
- ऑडियो इंजीनियर के लिए साउंड इंजीनियरिंग और अन्य लैंग्वेज की जानकारी होनी चाहिए।

## आगे बढ़ेगा करियर

### जॉब प्रोफाइल

- गेम डिजाइनर, गेम डेवलपर, एनिमेटर, क्यूएक टेस्टर, ऑडियो इंजीनियर, सॉफ्टवेयर इंजीनियर और प्रोड्यूसर, ईस्पोर्ट्स प्रोफेशनल्स, मैनेजर्स, कास्टर्स, स्ट्रीमर्स, इंफ्यूएंसर्स के तौर पर करियर बना सकते हैं.

### सैलरी

शुरुआत में 3 से 5 लाख रुपये सालाना की नौकरी आसानी से मिलती है। अनुभव होने पर 13 से 15 लाख रुपये का पैकेज मिलता है. जबकि, गेम प्रोड्यूसर 10 लाख रुपये तक सालाना कमा रहे हैं।

### कोर्स

- यूआइ/यूएक्स डिजाइनिंग
- बीएससी इन गेमिंग
- बीएससी इन एनीमेशन एवं गेमिंग
- बीएससी इन एनिमेशन गेम डिजाइन
- बीए (ऑनर्स) कंप्यूटर गेम्स डिजाइन

### अरबों डॉलर का सेक्टर

आज के समय में लोगों के बीच गेम खेलने का शौक आम बात हो गई है, बच्चों से लेकर बड़े तक हर कोई ऑनलाइन गेम खेलना पसंद करता है। जिसके कारण ही यह सेक्टर अब अरबो डॉलर का हो गया है। आप भी अगर उन लोगों में शामिल हों जो प्रतिदिन घंटो अपना समय मोबाइल या कंप्यूटर पर गेम खेलते हुए बिताते हैं। तो आप गेमिंग के फील्ड में आपना बेहतरीन कॅरियर बना सकते हैं। इस क्षेत्र में छात्र गेम डिजाइनिंग या गेम डेवलपर, एनीमेशन, गेम राइटर आदि जैसे कोर्स कर सकते हैं, अगर आप इस सेक्टर में जाना चाहते हैं तो 12वीं के बाद किसी भी यूनिवर्सिटी या संस्थान से विभिन्न विषयों में सर्टिफिकेट, डिप्लोमा और स्नातक डिग्री कोर्स कर सकते हैं।

### खुद का काम भी कर सकते हैं

गेमिंग इंडस्ट्री में कॅरियर बनाना अब आसान होता जा रहा है, आप ऊपर दिए गए कोर्सेस में से कोई एक कोर्स करके अपना भविष्य बना सकते हैं, आपको इस लाइन में गेम प्रोड्यूसर, गेम डिजाइनर, एनिमेटर, ऑडियो प्रोग्रामर, ग्राफिक प्रोग्रामर, स्पोर्टस प्रोफेशनल्स, मैनेजर्स, कास्टर्स, स्ट्रीमर्स, इंफ्यूएंसस बन सकते हैं। आप सेल्फ गेम जोन भी डाल सकते हैं, आजकल बड़े-बड़े मॉल्स में भी गेम जोन रहते हैं, जिनसे कमाई भी बहुत अच्छी होती है।

---

यह एक यूनिक स्पेस्लाइजेशन, ग्रामीण क्षेत्रों में विकास को देता रफ्तार

# रूरल मैनेजमेंट में कोर्स कर बना सकते हैं अच्छा करियर, गांव के विकास में मददगार

जॉब ट्रेंड्स

करियर डेस्क

## अच्छी जॉब, सैलरी भी काफी अच्छी

भारत की आजादी के बाद से जीडीजी में एग्रीकल्चर का योगदान 50 फीसदी से ज्यादा है। वहीं 70 फीसदी आबादी आज भी गांवों में रहती है। कोरोना के पहले एक रिपोर्ट प्रकाशित हुई थी, जिसके मुताबिक ग्रामीण भारत में जीडीपी में 1.8 ट्रिलियन डालर तक का योगदान दे सकता है। ग्रामीण क्षेत्रों में आर्थिक और सामाजिक विकास की रफ्तार तेज करने के लिए रूरल मैनेजमेंट प्रोफेशनल्स की बेहद जरूरत है। इस कोर्स के बाद अच्छी जॉब भी मिलती है और सैलरी भी काफी अच्छी है। रूरल मैनेजमेंट एक यूनिक स्पेस्लाइजेशन है। इसके स्पेस्लाइज्ड प्रोफेशनल्स भारत के ग्रामीण परिदृश्य के सुधार के लिए स्ट्रैटजी बनाने, मैनेज करने और इंप्लीमेंट करने के लिए विकास योजनाएं तैयार करते हैं जोकि ग्रामीण क्षेत्रों में आर्थिक और सामाजिक विकास को रफ्तार देता है। इस कोर्स में छात्रों को ग्रामीण विकास, आयोजन, निर्देशन, वित्तीय संस्थाओं आदि क्षेत्रों की जानकारी दी जाती है। यह कोर्स लगभग सभी सरकारी कॉलेज व यूनिवर्सिटी में उपलब्ध है। 12वीं के बाद छात्र पसंद के अनुसार डिग्री और डिप्लोमा कर सकते हैं। इसके बाद इसमें मुख्य कोर्स के तौर पर मास्टर, पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा प्रोग्राम, एमबी और पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा भी किया जा सकता है। इस कोर्स के बाद सरकारी क्षेत्र में जॉब में काफी संभावनाएं हैं।

### किस क्षेत्र में कोर्सेज



अगर आप रूरल मैनेजमेंट का कोर्स करना चाहते हैं, तो देश के किसी भी संस्थान ये डिग्री और डिप्लोमा कोर्सेज कर सकते हैं। इनमें मुख्य कोर्स के तौर पर एमबी इन रूरल मैनजमेंट, मास्टर ऑफ रूरल मैनेजमेंट, पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा प्रोग्राम इन रूरल डेवलपमेंट मैनेजमेंट और पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा इन रूरल मार्केटिंग लोकप्रिय हैं। इन कोर्सेज में संबंधित संस्थान द्वारा संचालित प्रवेश परीक्षा, साक्षात्कार व ग्रुप डिस्कशन के आधार पर नामांकन होता है। इन प्रवेश परीक्षाओं में शामिल होने के लिए प्रतियोगी को किसी भी विषय में स्नातक या समकक्ष होना चाहिए। कुछ संस्थान पत्राचार द्वारा भी ये कोर्सेज करवाते हैं।



### ऐसे मिलेगी कोर्स में सफलता

अगर आप इस क्षेत्र में आगे बढ़ना चाहते हैं तो आपको कई स्किल्स के साथ कुछ ऐसी योग्यताओं की जरूरत पड़गी जो आपकी जरूरते पूरा करेंगी। इसके लिए मुख्यतौर पर आपमें ग्रामीण क्षेत्रों में काम करने की इच्छा और उत्सुकता के साथ आपको कई स्किल्स बढ़ाने की जरूरत पड़गी। जिसमें बातचीत की कला, स्थानीय रीति-रिवाजों के प्रति संवेदनशीलता, विभिन्न प्रकार के लोगों में घुल-मिल जाना आदि। अन्य प्रबंधन कोर्सेज की तरह यहां भी विश्लेषण की क्षमताए नेतृत्व क्षमतां, समस्या निष्पादन क्षमता आदि लाभप्रद होती हैं।

### अनुमानित पैकेज

अगर आप इस फील्ड में एंट्री लेने वाले हैं तो आपको पता होना चाहिए कि इसमें शुरुआती सालाना पैकेज चार से पांच लाख रुपये सालाना होता है। वहीं अगर आपने शीर्ष संस्थानों से कोर्स किया है तो आपको सात से आठ लाख रुपये तक सालाना पैकेज मिल सकता है। इस फील्ड में दो-तीन साल का अनुभव व अच्छे कार्य- प्रदर्शन के बाद आप 10 से 15 लाख रूपये सालाना कमा सकते है। वहीं अंतरराष्ट्रीय संगठनों में पैकेज इससे कहीं ज्यादा होता है।

### जॉब ऑप्शन

इस क्षेत्र में छात्रों के लिए करियर के अनेक अवसर उपलब्ध हैं। ये प्रबंधन के सभी कार्यात्मक क्षेत्रों में काम करते हैं, जैसे सिस्टम, मानव संसाधन, परचेज, मार्केटिंग, फाइनेंस, सामान्य प्रबंधन, प्रोजेक्ट इम्प्लिलमेंटेशन आदि। इस क्षेत्र के छात्र सरकारी और गैरसरकारी दोनों ही संस्थाओं में मैनेजर, नीति निर्माता, विश्लेषक, शोधकर्ता, सलाहकार आदि के रूप में कार्य कर सकते हैं। इसके अलावा इनके पास सरकारी क्षेत्र में ग्रामीण विकास की योजनाओं, गरीबी उन्मूलन, स्वास्थ्य सेवा और शिक्षा में काम करने का अवसर होता है। ग्रामीण क्षेत्रों में काम करने वाले बैंक भी इस क्षेत्र के विशेषज्ञों को बतौर प्रबंधक नियुक्त करते हैं। प्रतिभाशाली युवाओं के लिए अंतरराष्ट्रीय एनजीओ, संयुक्त राष्ट्र संघ और उससे जुड़ी एजेंसियों में भी जाने का मौका होता है। निजी कंपनियों को भी आधुनिक संचार व्यवस्था के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में बाजार की संभावनाएं दिखाई दे रही हैं, जिसके लिए प्रशिक्षितों की जरूरत होती है। कई स्वयंसेवी संगठन अपने यहां ग्रामीण प्रबंधक के रूप में ऐसे लोगों की नियुक्ति करते हैं, जो गांवों में विकास की योजना को अमलीजामा पहना सकें।

---

# कैट एग्जाम क्रैक करने के लिए अपनाएं ये रणनीति, अच्छे नंबरों से होंगे पास



**नई दिल्ली।** देश के प्रतिष्ठित एमबीए इंस्टीट्यूट्स में एडमिशन लेने के लिए आयोजित होने वाली कैट एग्जाम्स में हर साल बड़ी संख्या में छात्र बैठते हैं। यह एमबीए कोर्स में एडमिशन पाने के लिए सबसे कठिन परीक्षा मानी जाती है। ऐसे में इस एग्जाम को क्रैक करने के लिए छात्रों को कड़ी मेहनत करनी होती है। इस साल 26 नवंबर 2023 को कैट परीक्षा आयोजित की जाएगी। परीक्षा का समय 120 मिनट का होगा। ऐसे में कैंडिडेट्स नीचे दिए गए टिप्स को फॉलो कर पहली बार में परीक्षा को क्रैक कर सकते हैं।

### जल्दी करें शुरुआत

अगर आप भी पहली बार में इस एग्जाम को क्रैक करना चाहते हैं, तो जल्द ही तैयारी शुरू कर दें। क्योंकि तैयारी के लिए एक साल का समय कम से कम चाहिए होगा। इस दौरान आप अपना पूरा सिलेबस और टॉपिक भी अच्छे से कवर कर लेंगे। ऐसे में तैयारी का पहला स्टेप जल्दी तैयारी करना है और दूसरा स्टेप समय से टाइम टेबल तैयार करना है।

### सिलेबस और टाइम टेबल

ऐसे में सिलेबस को पहले देख लें और उसके अनुसार अपना टाइम टेबल बनाकर तैयार करें। कौन से एरिया में आपको कितना समय लगता है और कौन सा एरिया आप आसानी से तैयार कर सकती हैं। इस हिसाब से आप अपनी पढ़ाई का पूरा टाइम टेबल सेट कर लें। साथ ही आपको यह भी पता होना चाहिए कि सिलेबस को कब तक खत्म करना है। कितने दिन प्रैक्टिस करनी है और कब रिवीजन होगा। ऐसे इन सारी चीजों का खाका पहले से तैयार कर लें।

### स्टडी मैटीरियल

कैंडिडेट्स को सिलेबस देखने के बाद अपने लिए रिसर्च करें। सिलेबस चुनकर स्टडी मैटिरियल एकत्र करें। हांलाकि इसमें कंफ्यूजन ना हो और कंफ्यूजन होने पर किसी सीनियर या फिर अपने किसी टीचर से उस कंफ्यूजन को दूर करें। बहुत सारा सिलेबस देखकर आप परेशान हो सकते हैं, इसलिए सिर्फ कुछ चुनिंदा नोट्स, टेस्ट पेपर और किताबें आदि रखें और उन्हीं से तैयारी करें।

### प्रैक्टिस है जरूरी

कैट एग्जाम को क्रैक करने के लिए सबसे जरूरी स्टेप तैयारी के साथ-साथ प्रैक्टिस टेस्ट सॉल्व करते रहना चाहिए। इस तरह से आप जान पाएंगे कि आपने कितनी तैयारी कर ली है। पिछले सालों के क्वेश्चन पेपर से भी तैयारी करें। इसके अलावा डिसप्लिन, प्लानिंग, सही स्टडी मैटीरियल, टाइम-टेबल और प्रैक्टिस का खास ध्यान रखें। इस स्टेप्स को फॉलो कर आप कैट एग्जाम में सफलता पा सकते हैं।

---

# जीवन एक लंबी यात्रा, इसमें परीक्षा के नतीजे केवल एक छोटा-सा पड़ाव



मोटिवेशनल

डॉ. दिव्या तंवर

जीवन एक लंबी यात्रा है, और इस यात्रा में परीक्षा के नतीजे केवल एक छोटा-सा पड़ाव हैं। हम में से कई लोग अपने अंकों, ग्रेड्स या रैंक को अपनी पूरी पहचान मान लेते हैं। लेकिन क्या सचमुच यही आपकी पूरी कहानी है? नहीं, बिल्कुल नहीं! नतीजा सिर्फ एक संख्या है, और जीवन इससे कहीं अधिक व्यापक, सुंदर और अनमोल है।परीक्षा के परिणाम आपके मेहनत, समर्पण और अनुशासन का एक हिस्सा जरूर दर्शाते हैं। वे आपको यह समझने में मदद करते हैं कि आपने कितना सीखा और कहां सुधार की जरूरत है। लेकिन यह भूलना गलत होगा कि ये अंक आपकी पूरी योग्यता, आपके सपनों या आपके भविष्य को परिभाषित करते हैं। जीवन में सफलता केवल अंकों से नहीं मापी जाती। यह आपके जुनून, आपकी मेहनत, आपके रिश्तों, और सबसे महत्वपूर्ण, आपके आत्मविश्वास से तय होती है।

## अपेक्षित परिणाम नहीं पाया, तो यह दुनिया का अंत नहीं

अगर आपने इस बार अपेक्षित परिणाम नहीं पाया, तो यह दुनिया का अंत नहीं है। यह केवल एक संकेत है कि आपको नए रास्ते तलाशने हैं, नई रणनीतियां बनानी हैं, और शायद कुछ नया सीखना है। परीक्षा के परिणाम आपके मेहनत, समर्पण और अनुशासन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा जरूर दर्शाते हैं, क्योंकि ये दर्शाते हैं कि आपने कितनी लगन से पढ़ाई की, कितना समय अपने लक्ष्यों को दिया, और कितनी मेहनत से अपने ज्ञान को परखने की तैयारी की। ये अंक एक दर्पण की तरह हैं, जो आपको यह समझने में मदद करते हैं कि आपने कितना सीखा, कहां आप मजबूत हैं, और कहां सुधार की गुंजाइश है। लेकिन यह सोचना गलत होगा कि ये नंबर आपकी पूरी योग्यता, आपके सपनों, या आपके भविष्य को पूरी तरह परिभाषित करते हैं। जीवन एक विशाल कैनवास है, और परीक्षा के अंक उसमें केवल एक छोटा-सा रंग हैं। आपकी योग्यता केवल किताबी ज्ञान तक सीमित नहीं है यह आपके जुनून, आपकी रचनात्मकता, आपके धैर्य, और आपकी असफलताओं से सीखने की क्षमता में भी झलकती है। आपके सपने उन ऊंचाइयों को छू सकते हैं, जो कोई मार्कशीट माप नहीं सकती। भविष्य आपके हाथों में है, और वह इस बात पर निर्भर करता है कि आप कितनी हिम्मत और लगन से अपने लक्ष्यों की ओर बढ़ते हैं, न कि केवल उन अंकों पर जो एक पेपर पर लिखे होते हैं। इसलिए, अपने परिणामों को एक पड़ाव मानें, अंत नहीं। अगर अंक अच्छे आए, तो गर्व करें, और अगर नहीं आए, तो यह समझें कि यह सिर्फ एक सबक है, जो आपको और बेहतर बनने का मौका दे रहा है। आपका असली मूल्य आपके आत्मविश्वास, आपकी मेहनत, और आपके सपनों को हकीकत में बदलने की इच्छाशक्ति में निहित है।

**जीवन की असली परीक्षा:** जीवन की असली परीक्षा कक्षा की चारदीवारी से बाहर होती है। यह वह परीक्षा है जहां आपको अपने डर का सामना करना पड़ता है, असफलताओं से उठना पड़ता है, और बार-बार कोशिश करनी पड़ती है। यह वह जगह है जहां आप सीखते हैं कि धैर्य, दृढ़ता और आत्मविश्वास आपके सबसे बड़े हथियार हैं।

क्या आपने कभी सुना है कि अल्बर्ट आइंस्टीन को स्कूल में ₹धीमा₹ समझा जाता था? या कि थॉमस एडिसन को उनके शिक्षकों ने ₹अनुपयोगी₹ कहा था? फिर भी, इन लोगों ने दुनिया को बदल दिया। उनका नतीजा उनकी प्रतिभा को परिभाषित नहीं कर सका, क्योंकि उन्होंने अपने जुनून और मेहनत पर भरोसा किया।

## असफलता: एक सीढ़ी, अंत नहीं

अगर इस बार आपका परिणाम उम्मीदों के मुताबिक नहीं रहा, तो निराश होने की जरूरत नहीं है। असफलता कोई सजा नहीं, बल्कि एक सबक है। यह आपको बताती है कि आप कहां मजबूत हैं और कहां कमजोर। हर असफलता आपको बेहतर होने का मौका देती है। यह आपको सिखाती है कि हार मानना कोई विकल्प नहीं है। छात्र जीवन में हर अनुभव, चाहे वह जीत हो या हार, आपको मजबूत बनाता है। असफलता आपको यह सिखाती है कि मेहनत और लगन से कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं है। यह आपको अपने सपनों के लिए और अधिक मेहनत करने की प्रेरणा देती है।

**जीवन के रंग, अंकों से परे :** जीवन केवल किताबों, नोट्स और परीक्षाओं तक सीमित नहीं है। यह दोस्ती, परिवार, हंसी, रोमांच, और अपने जुनून को खोजने का नाम है। यह उन छोटे-छोटे पलों में छिपा है जब आप किसी की मदद करते हैं, जब आप कुछ नया सीखते हैं, या जब आप अपने सपनों की ओर एक कदम बढ़ाते हैं।

**अपने आप से पूछें :** आप क्या बनना चाहते हैं? क्या आप एक वैज्ञानिक बनना चाहते हैं जो दुनिया को बदल दे? क्या आप एक कलाकार बनना चाहते हैं जो अपनी कला से लोगों के दिलों को छू ले? या शायद एक ऐसा इंसान जो दूसरों के लिए प्रेरणा बने? ये सपने किसी मार्कशीट से बड़े हैं।

---

## सामान्य ज्ञान

**1.** तवा किसकी सहायक नदी है ?
(ए) नर्मदा
(बी) तापी
(सी) महानदी
(डी) गोदावरी

**2.** निम्नलिखित में से कौन - सी नदी प्रारम्भ में अरुण नदी के नाम से जानी जाती है ?
(ए) सोन
(बी) कोसी
(सी) चम्बल
(डी) यमुना

**3.** निम्नलिखित में से किस नदी को 'उड़ीसा का शोक' कहा जाता है ?
(ए) महानदी
(बी) ब्राह्मणी
(सी) वैतरणी
(डी) दामोदर

**4.** इंदौर के समीप स्थित जनापाव पहाड़ी स्त्रोत है -
(ए) तापी नदी का
(बी) चम्बल नदी का
(सी) माही नदी का
(डी) महानदी का

**5.** भारत की लवण नदी के नाम से जानी जाती है -
(ए) माही
(बी) लूनी
(सी) बनास
(डी) साबरमती

**6.** कौन - सी नदी भेड़ाघाट के समीप कपिलधारा जलप्रपात का निर्माण करती है ?
(ए) नर्मदा
(बी) तापी
(सी) गोकक
(डी) शरावती

**7.** निम्नलिखित में से कौन - सी नदी ज्वारनदमुख का निर्माण करती है ?
(ए) राप्ती
(बी) महानदी
(सी) नर्मदा
(डी) स्वर्णरेखा

**8.** प्रायद्वीपीय भारत की निम्न नदियों में से कौन शेष तीन से विशिष्ट रूप से भिन्न है ?
(ए) नर्मदा
(बी) कावेरी
(सी) कृष्णा
(डी) गोदावरी

उत्तर 1.(ए) 2.(बी) 3.(ए) 4.(बी) 5.(बी) 6.(ए) 7.(सी) 8.(ए)

**खबर संक्षेप**



## विद्यार्थियों को कराया योगाभ्यास

**बहादुरगढ़।** राजकीय मॉडल संस्कृति सीनियर सेकेंडरी स्कूल में आयुष विभाग और शिक्षा विभाग के संयुक्त अभियान के तहत योग क्रियाएं कराई गई। योग सहायक सुनील देवी, प्रीति और मयंक ने राजकीय मॉडल संस्कृति स्कूल में छात्र-छात्राओं तथा स्टाफ सदस्यों के साथ मिलकर योग प्रदर्शन किया। शारीरिक और मानसिक समन्वय बनाए रखने के लिए योग क्रियाएं बहुत ही आवश्यक हैं। प्रिंसिपल मंजू रानी ने बताया कि वर्तमान समय में तनाव भरे जीवन में शांति के लिए योग क्रियाएं रामबाण की तरह काम करती हैं। इस अवसर पर स्कूल के शारीरिक शिक्षक विजय, हिंदी प्रवक्ता संजय मलिक, जोगेंद्र, शारीरिक प्रवक्ता अनु राणा, वाणिज्य प्रवक्ता नीलम, सिमी, भूगोल प्रवक्ता प्रतिभा, अंग्रेजी प्रवक्ता प्रवीण जाखड़, मोनिका, इतिहास प्रवक्ता राकेश वत्स, गणित प्रवक्ता दिनेश भारद्वाज, अनिल अहलावत और पवन काजला आदि उपस्थित रहे।

## परेशानी को लेकर डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल ने संज्ञान लिया

# नीम वाली कॉलोनी से निकाला गंदा पानी, लोगों को मिली राहत

- डीसी ने तत्काल प्रभाव से संबंधित विभागों को समस्या के समाधान के लिए निर्देश दिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

शहर की नीम वाली कॉलोनी के मुख्य मार्ग पर अवरुद्ध सीवरेज लाइन से सड़क पर जलभराव के कारण स्थानीय नागरिकों को हो रही परेशानी को लेकर डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल ने संज्ञान लिया। डीसी ने तत्काल प्रभाव से संबंधित विभागों को समस्या के समाधान के लिए निर्देश दिए। जिस पर कार्रवाई करते हुए जाम सीवरेज पाइप लाइन से गंदे पानी को निकालने के लिए पंप लगाए गए, साथ ही नाले की गहन सफाई का कार्य किया गया। जेसीबी मशीनों की मदद से नाले में जमा कचरे और मिट्टी को हटाया गया। त्वरित कार्रवाई के बाद क्षेत्र में सफाई व्यवस्था बहाल हो गई, राहगीरों और आसपास के निवासियों को बड़ी राहत मिली। स्थानीय लोगों ने बताया कि अवरूद्ध हुए नाले और गंदे पानी के कारण इस मार्ग पर आवागमन में काफी परेशानी हो रही थी। सड़क मार्ग न केवल बुद्धो माता मंदिर बल्कि कई अन्य महत्वपूर्ण स्थानों को जोड़ता है। सफाई व्यवस्था दुरूस्त होने से लोगों को राहत मिली है।



**झज्जर।** पानी निकासी की व्यवस्था करते हुए कर्मचारी। फोटो :हरिभूमि

# हरियाणा में भाजपा की तीसरी बार सरकार कांग्रेस लीडरशिप की देन : सुनैना चौटाला

- ऑप्रेशन सिंदूर चलाने वालों को सिंदूर की असली कीमत नहीं पता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

शुक्रवार को स्थानीय पार्टी कार्यालय में इनेलो महिला संगठन की बैठक आयोजित की गई। बैठक में इनेलो महिला विंग की प्रदेश प्रभारी सुनैना चौटाला ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत करते हुए कार्यकर्ताओं के साथ संगठन की मजबूती को लेकर विचार विमर्श किया। बाद में पत्रकारों से रूबरू होते हुए उन्होंने कहा कि पहले तो कांग्रेस की प्रदेश की लीडरशिप ने भाजपा से मिलीभगत कर राज्य में तीसरी बार सरकार बनवाई और बाद में अब हुड्डा अपनी कोठी बचाने के लिए नेता प्रतिपक्ष की घोषणा नहीं होने दे रहे है। उन्होंने यह भी कहा कि ऑप्रेशन सिंदूर चलाने वालों को सिंदूर की असली कीमत नहीं पता है। तभी तो भाजपा के नेता महिलाओं के विरूद्ध अपमानजनक शब्दों का प्रयोग कर रहे है। उन्होंने भाजपा नेताओं को महिलाओं का सम्मान करने की नसीहत दी।



**झज्जर।** कार्यक्रम के दौरान कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए सुनैना चौटाला।

## निराश्रित बच्चों को कानूनी पहचान और सरकारी योजनाओं से जोड़ा जाएगा : सीजेएम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

सीजेएम एवं डीएलएसए सचिव विशाल ने बताया कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा साथी अभियान की शुरुआत की गई है। जिसका उद्देश्य जिले के निराश्रित और बेसहारा बच्चों को कानूनी पहचान दिलाना और उन्हें सरकारी योजनाओं तथा मूलभूत सहायता सेवाओं से जोड़ना है। इस अभियान के लिए जिला स्तरीय समिति का गठन किया गया है। उन्होंने बताया कि साथी अभियान का प्रमुख उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि प्रत्येक निराश्रित बच्चे का आधार कार्ड बने, उसे कानूनी सहायता मिले और वह शिक्षा, स्वास्थ्य, सुरक्षा तथा सामाजिक कल्याण से जुड़ी योजनाओं का लाभ उठा सके।



विशाल, डीएलएसए सचिव एवं सीजेएम

## इनेलो महिला प्रभारी ने स्व. आजाद राठी को दी श्रद्धांजलि

**बहादुरगढ़।** इंडियन नेशनल लोकदल की महिला प्रदेश प्रभारी सुनैना चौटाला शुक्रवार को गांव सांखोल पहुंची। यहां उन्होंने इनेलो के वरिष्ठ नेता व स्व. नफे सिंह राठी के संघर्ष के साथी रहे पूर्व सरपंच आजाद सिंह राठी के निधन पर शोक प्रकट करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की। साथ ही उनके परिवार को ढांढस बंधाया और भगवान से उन्हें अपने श्री चरणों में स्थान देने की प्रार्थना की। उन्होंने कहा कि स्व.आजाद सिंह राठी ने अपना समस्त जीवन पार्टी के लिए समर्पित किया और पार्टी के हर अच्छे व बुरे समय में संगठन मजबूती के लिए कार्य किया। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता ही इनेलो पार्टी की रीढ है और पार्टी हर स्थिति में अपने कार्यकर्ता के साथ खडी है। इस मौके पर इनेलो महिला प्रदेश अध्यक्ष तनुजा कश्यप व इनेलो प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य शीला नफे सिंह राठी भी मौजूद रही। उन्होंने भी स्व.आजाद सिंह राठी के चित्र पर पुष्प चढ़ा अपने श्रद्धासुमन अर्पित किए।



**बहादुरगढ़।** स्व. आजाद सिंह के निवास पर पहुंची महिला प्रभारी सुनैना चौटाला।

# मनीष नंबरदार के नेतृत्व में सैकड़ों लोगों ने लिया परशुराम जन्मोत्सव समारोह में भाग




**झज्जर।** भगवान परशुराम जन्मोत्सव समारोह में भाग लेने के लिए रवाना होते हुए मनीष नंबरदार और उनकी टीम। फोटो :हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

शुक्रवार को रोहतक जिले के पहरावर गांव में आयोजित भगवान परशुराम जन्मोत्सव समारोह में जिले भर से सैकड़ों की संख्या में लोगों ने भाग लिया। मार्किट कमेटी बोर्ड के पूर्व चेयरमैन मनीष शर्मा नंबरदार के नेतृत्व में सैकड़ों की संख्या में उत्साह के साथ समारोह के लिए रवाना हुए। मनीष नंबरदार ने कहा कि संत महात्मा किसी जाति विशेष के ना होकर सर्व समाज के होते हैं। संतों के दिखाए मार्ग पर चलकर प्रदेश सरकार हर वर्ग के उत्थान के लिए कार्य कर रही है। संत महात्माओं ने अपने जप और तप के जरिए समाज को नई दिशा देने का काम किया है।

उन्होंने यह भी कहा कि भगवान परशुराम शस्त्र और शास्त्र दोनों में निपुण थे। उन्हें एक आदर्श योद्धा और ऋषि के रूप में जाना जाता है। भगवान परशुराम को भगवान विष्णु का छठा अवतार माना जाता है। योद्धा परशुराम भगवान शिव से दिव्य अस्त्र-शस्त्र और युद्ध-कला की शिक्षा प्राप्त की थी। वे एक महान पराक्रमी योद्धा थे, जिन्होंने अत्याचारियों संहार किया।



**बहादुरगढ़।** जन्मोत्सव के लिए रवाना होते दिनेश कौशिक व अन्य। फोटो :हरिभूमि

## परशुराम जन्मोत्सव में पहुंचे भाजपा कार्यकर्ता

**बहादुरगढ़।** पहरावर में भगवान परशुराम के जन्मोत्सव पर आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में बहादुरगढ़ से काफी संख्या में सर्व समाज के लोग रवाना हुए। सभी ने भगवान परशुराम के जयकारे लगाएं और इसके बाद सेक्टर-2 स्थित भाजपा जिला अध्यक्ष विकास वाल्मीकि, कैप्टन भूपेंद्र, भाजपा नेता दिनेश कौशिक के कार्यालय से समारोह स्थल के लिए रवाना हुए। दिनेश कौशिक ने कहा कि पहरावर में भगवान परशुराम का जन्मोत्सव मनाया जा रहा है। यह कार्यक्रम किसी पार्टी विशेष का नहीं, बल्कि सर्व समाज का है। कार्यक्रम में हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी बतौर मुख्य अतिथि शिरकत कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि भगवान परशुराम ने पितृ भक्ति, गुरु भक्ति और समाज सुधार के लिए कार्य किया। अन्याय के खिलाफ संघर्ष करते हुए धर्म और समानता की स्थापना की। पूर्व जिला अध्यक्ष राजपाल जांगड़ा, सहित काफी कार्यकर्ता इस दौरान मौजूद रहे।

## उत्साह के साथ जन्मोत्सव में पहुंचे लोग

**बहादुरगढ़।** गौड़ ब्राह्मण विद्या प्रचारिणी संस्था कैंपस पहरावर में आयोजित भगवान परशुराम जन्मोत्सव समारोह के लिए भाजपा किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष राम अहलावत की अगुवाई में काफी संख्या में महिला व पुरूष कार्यकर्ता रवाना हुए। कार्यकर्ताओं में समारोह को लेकर जबरदस्त उत्साह देखने को मिला। महिलाएं व पुरूष भगवान परशुराम और भोलेनाथ के भजनों पर नाचते-गाते समारोह में शामिल हुए। राम अहलावत ने कहा कि समारोह स्थल पर भक्तिमय माहौल के साथ श्रद्धालुओं की भीड़ ने आयोजन को और भव्य बना दिया। यह समारोह न केवल भगवान परशुराम के प्रति आस्था का प्रतीक बना, बल्कि सामाजिक एकता और उत्साह को भी दर्शाता रहा।



**बहादुरगढ़।** समारोह के लिए रवाना होते राम अहलावत व अन्य। फोटो :हरिभूमि

# नशे के प्रति ग्रामीणों को किया जागरूक



**बहादुरगढ़।** ग्रामीणों को जागरुक करते पुलिस अधिकारी। फोटो :हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

नशे के विरुद्ध पुलिस की ओर से मुहिम चलाई जा रही है। इसके तहत गांव नूना माजरा में कार्यक्रम किया गया। सदर थाना प्रभारी दिलबाग सिंह व अन्य अधिकारियों ने लोगों को नशे के दुष्प्रभाव बताए। एसएचओ दिलबाग ने कहा कि नशा बेहद गंभीर बुराई है। यह मानसिक, शारीरिक, आर्थिक और सामाजिक तौर पर हमें नुकसान पहुंचा रही है। नशे की वजह से अपराध व दुर्घटनाएं बढ़ रही हैं। युवा पहले शौकिया तौर पर नशा करता है। फिर उसकी आदत बन जाती है। जिससे उसका पूरा परिवार बर्बाद हो जाता है। इसलिए युवा वर्ग इस बुराई से दूर रहे तथा पढ़ाई व खेलों पर ध्यान दें। आम नागरिक भी इस दिशा में गंभीरता से ध्यान दें। नशे को खत्म करने में मदद करे। नशा बेचने वाले की सूचना पुलिस को दें। इस दौरान सड़क सुरक्षा सेल प्रभारी सतीश कुमार ने साइबर अपराध से बचाव के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि साइबर ठगी से बचने के लिए सतर्क रहना बहुत जरूरी है। अपनी व्यक्तिगत जानकारी, ओटीपी, आधार, पैन या बैंक विवरण किसी से साझा न करें। एएसआई सत्यप्रकाश, एएसआई राखी आदि इस अवसर पर मौजूद रहे।

## रेखाचित्र के माध्यम से धूम्रपान नहीं करने के प्रति जागरूक किया




**झज्जर।** भदाना गांव की चौपाल में बनाया गया रंगोली रेखाचित्र। फोटो :हरिभूमि

**झज्जर।** क्षेत्र के गांव भदाना की चौपाल में भूगोल प्राध्यापक मुकेश शर्मा व अंशुल शर्मा ने विश्व धूम्रपान निषेध दिवस पर एक विशाल रंगोली रेखाचित्र के माध्यम से धूम्रपान के दुष्परिणामों को प्रदर्शित किया। इस रेखाचित्र का शीर्षक धूम्रपान को छोडिए, जीवन से नाता जोड़िए रहा। मुकेश शर्मा ने बताया कि नशा भले ही लत के लिए किया जाता हो, पर यह जिंदगी की बेवक्त आने वाली शाम का भी मुख्य कारण है, जो कब जीवन में अंधेरा कर जाए, कुछ कहा नहीं जा सकता।

# ग्रामीणों के दातों की स्वास्थ्य जांच की

- फैजाबाद गांव में लगाया दंत चिकित्सा शिविर
- कार्यक्रम में 18 ग्रामीणों के दातों की सफाई की गई एवं तीन व्यक्तियों के हिलते हुए दांत निकाले गए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

शुक्रवार को रिलायंस फाउंडेशन व रिलायंस मॉडल इकोनामिक टाउनशिप द्वारा फैजाबाद गांव के शिव मंदिर में दंत चिकित्सा शिविर लगाया गया। डॉक्टर सुरभि के नेतृत्व में दस डॉक्टरों की टीम ने ग्रामीणों के दातों की स्वास्थ्य जांच की। कार्यक्रम में 18 ग्रामीणों के दातों की सफाई की गई एवं तीन व्यक्तियों के हिलते हुए दांत निकाले गए। डॉक्टर सुरभि के अनुसार गांव में मुख्य रूप से दांतों की सफाई की आदत ना होना, धूम्रपान आदि की बुरी आदतों के कारण सफाई की कमी पाई गई। इससे दांत स्वस्थ एवं ओरल हाइजीन प्रभावित हो रहा है। इस अवसर पर रिलायंस की ओर से डॉक्टर अशोक ने तंबाकू निषेध पखवाड़े के रूप में गांव वालों को तंबाकू के दुष्प्रभाव के बारे में बताया और इससे बचाव की जानकारी भी दी। रिलायंस नीलम सिंह, अक्षय, चंचल, पूर्व सरपंच मदन, संदीप कुमार, अमित, कृष्णा देवी, विमला देवी सहित अन्य भी मौजूद रहे।



**झज्जर।** शिविर के दौरान दांतों की जांच करते हुए चिकित्सक। फोटो :हरिभूमि

## केवल नेहरू कॉलेज में उपलब्ध है बीए में पत्रकारिता का विषय

# आज के डिजिटल युग की जरूरत है पत्रकारिता की पढ़ाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

विभिन्न कॉलेजों में बीए, बीएससी, बीकॉम, बीबीए और बीसीए आदि स्नातक कक्षाओं के दाखिलों के लिए ऑनलाइन आवेदन जारी हैं। राजकीय स्नातकोत्तर नेहरू महाविद्यालय के मीडिया प्रभारी डॉक्टर अमित भारद्वाज ने बताया कि विद्यार्थी नौ जून तक उच्चतर शिक्षा विभाग के एडमिशन पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। डॉक्टर अमित भारद्वाज ने बताया कि राजकीय स्नातकोत्तर नेहरू महाविद्यालय जिले का एकमात्र ऐसा कॉलेज है, जहां बीए में जनसंचार एवं पत्रकारिता का वैकल्पिक विषय उपलब्ध है। बीए में इसका सब्जेक्ट कॉम्बिनेशन इतिहास, राजनीति विज्ञान, भूगोल और शारीरिक शिक्षा के साथ है। इनमें से किसी भी विषय के साथ पत्रकारिता एवं जनसंचार का विषय लिया जा सकता है। इसके अलावा बीएससी, बीकॉम, बीबीए और बीसीए के विद्यार्थी भी पत्रकारिता एवं जनसंचार को माइनर और मल्टी डिसिप्लिनरी विषय के रूप में पढ़ सकते हैं। यह बहुत आसान, स्कोरिंग और रोजगारोन्मुखी विषय है।

**मीडिया साक्षरता की जरूरत**

डॉक्टर अमित भारद्वाज ने बताया कि आज मोबाइल फोन से लेकर सोशल मीडिया और न्यूज चैनलों तक, हर व्यक्ति कहीं न कहीं पत्रकारिता के प्रभाव में है। ऐसे में पत्रकारिता को वैकल्पिक विषय के रूप में चुनना न केवल शैक्षणिक रूप से लाभकारी है बल्कि आज हर नागरिक का मीडिया साक्षर होना जरूरी है ताकि वह सही और गलत सूचना में अंतर बता सके तथा सूचनाओं का सही उपयोग कर सके।




**झज्जर।** राजकीय स्नातकोत्तर नेहरू महाविद्यालय भवन का फोटो।

**डिजिटल युग के अनुकूल**

डॉ.अमित भारद्वाज ने बताया कि पत्रकारिता के अध्ययन से घटनाओं के तथ्यों को समझने और विश्लेषण करने की दृष्टि विकसित होती है। जटिल मुद्दों को सरल भाषा में प्रस्तुत करने की क्षमता बढ़ती है। विभिन्न स्रोतों से जानकारी एकत्र करने, सत्यापन करने और प्रस्तुत करने का अभ्यास होता है। पत्रकारिता विषय आज के डिजिटल युग की मांग के अनुकूल है।

**समसामयिक विषयों का ज्ञान**

डॉक्टर अमित भारद्वाज ने बताया कि पत्रकारिता विषय राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय घटनाओं से जोड़े रखता है। विद्यार्थी समसामयिक घटनाक्रम को समझने, मूल्यांकन करने और अपनी राय बनाने में सक्षम होते हैं। समसामयिक विषयों की जानकारी प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए तैयारी में सहायक होती है।

### अभिव्यक्ति क्षमता का विकास

डॉक्टर अमित भारद्वाज ने बताया कि पत्रकारिता विषय से लेखन में स्पष्टता और विचारों को प्रभावी ढंग से व्यक्त करने की क्षमता बढ़ती है जो प्रतियोगी परीक्षाओं सहित किसी भी क्षेत्र में आवश्यक है। इस विषय से विद्यार्थियों को यह पता लगता है कि सूचना कैसे बनती है, कैसे संप्रेषित होती है और कैसे समाज को प्रभावित करती है।

### करियर के अवसर

डॉक्टर अमित भारद्वाज ने बताया कि पत्रकारिता में करियर के अनेक विकल्प हैं। प्रिंट मीडिया, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया, डिजिटल मीडिया, जनसंपर्क, विज्ञापन, कॉर्पोरेट कम्युनिकेशन में रोजगार के अवसरों के अलावा स्वतंत्र लेखक, ब्लॉगर, यूट्यूबर और मीडिया एनालिस्ट बना जा सकता है।

**बैंक परिसर में बैग काटकर नकदी उड़ाई सीसीटीवी में नजर आया आरोपी युवक**

**बावल।** स्टेट बैंक ऑफ इंडिया की बावल शाखा में पैसे निकलवाने के लिए आए व्यक्ति को बैग काटकर 40 हजार रुपये चोरी कर ले गए। बैंक के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज में संदिग्ध युवक नजर आया, परंतु उसकी पहचान नहीं हो सकी। बावल थाना पुलिस ने चोरी का केस दर्ज कर लिया। पुलिस शिकायत में तिहाड़ा निवासी सूरत सिंह ने बताया कि वह बैंक शाखा से अपने खाते से पैसे निकलवाने के लिए आया था। उसने बैंक से चालीस हजार रुपये निकलवाए थे।

**सूचना**

हम, रामनिवास पुत्र रामदत व रोशनी पत्नी रामनिवास निवासी मकान नंबर 760, पटेल नगर, नजदीक बिट्टू की चक्की, लाईनपार, बहादुरगढ़, जिला झज्जर बयान करते हैं कि हमारा पुत्र विनय व पुत्रवधु कविता हमारे कहने-सुनने से बाहर हैं। इसलिये हम इनको अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करते हैं। इनसे लेन-देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। हमारी व हमारे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

## सख्त कार्रवाई से अतिक्रमणकारियों में मचा हड़कंप

# बाजार में फैले अतिक्रमण पर चलाया पीला पंजा

**शहर के बाजारों में अतिक्रमण की समस्या नासूर बन गई है। रेलवे रोड, मेन बाजार, नाहरा-नाहरी रोड पर बहुत से दुकानदार अपनी दुकानों से काफी बाहर तक सामान रख लेते हैं।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहादुरगढ़

अतिक्रमण की समस्या से निपटने के लिए शुक्रवार को एसीपी दिनेश कुमार की अगुवाई में पुलिस और नगर परिषद की टीम सख्ती के साथ सड़क पर उतरी। टीम ने रेलवे रोड पर फैले अतिक्रमण पर पीला पंजा चला दिया। कई अवैध दुकानें हटाई गई और तख्त, बोर्ड व शेड आदि उखाड़ दिए गए।

दरअसल, शहर के बाजारों में अतिक्रमण की समस्या नासूर बन गई है। रेलवे रोड, मेन बाजार, नाहरा-नाहरी रोड पर बहुत से दुकानदार अपनी दुकानों से काफी बाहर तक सामान रख लेते हैं। इस वजह से मार्ग की चौड़ाई सिकुड़ जाती है और जाम की समस्या गहरा जाती है। पुलिस व नगर परिषद की ओर से पहले भी कार्रवाई करके दुकानदारों को अतिक्रमण न करने की चेतावनी दी जा चुकी है लेकिन कुछ समय बाद फिर से वही हालात बन जाते हैं।

### अवैध दुकानें हटाई

एसीपी ट्रैफिक दिनेश कुमार की अगुवाई में शुक्रवार की दोपहर एक बार फिर नप और पुलिस की संयुक्त टीम ने रेलवे रोड पर दस्तक दी। अबकी चालान और चेतावनी नहीं बल्कि अवैध अतिक्रमण पर सीधे ही जेसीबी चला दी गई। कई तख्त, बोर्ड तोड़े गए। अवैध दुकानें हटाई गई और फ्लेक्स, शेड आदि भी उखाड़ दिए गए। बहादुरगढ़ में अब तक की यह सबसे सख्त कार्रवाई मानी जा रही है। कार्रवाई के चलते अतिक्रमण कारियों में हड़कंप मच गया।




बहादुरगढ़। अतिक्रमण को हटाती जेसीबी। फोटो : हरिभूमि

### दुकानदारों ने जताई नाराजगी

लोग अपना सामान समेटते नजर आए। कार्रवाई से खफा कुछ दुकानदारों ने नाराजगी जताई। कार्रवाई करने वाली टीम में एसएचओ विकास, नगर परिषद से एसआई सुनील कुमार आदि भी शामिल थे। कुछ दुकानदार कमेटी में गए और अधिकारियों से मुलाकात की। अधिकारियों ने साफ शब्दों में कहा कि अतिक्रमण किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और आगे भी यह कार्रवाई जारी रहेगी।




बहादुरगढ़। अतिक्रमण हटवाती पुलिस व दुकानदारों को समझाते अधिकारी। फोटो : हरिभूमि



झज्जर। बैठक के दौरान आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल।

## समाधान शिविर की शिकायतों की हुई साप्ताहिक समीक्षा

**झज्जर।** समाधान शिविरों में प्राप्त शिकायतों की मुख्यमंत्री कार्यालय की ओर से वीसी के माध्यम से साप्ताहिक समीक्षा की गई। जिसमें जिले का प्रदर्शन सराहनीय रहा। जिले में कुल 4430 शिकायतें दर्ज हुई हैं जिनमें से केवल 136 लंबित हैं। जिनके समाधान के लिए संबंधित विभागों द्वारा कार्रवाई शुरू की जा चुकी है। वीसी उपरांत डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल ने स्वयं लंबित शिकायतों की समीक्षा की और सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि समाधान शिविरों में प्राप्त शेष शिकायतों का शीघ्र निपटान सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने न केवल समाधान शिविर की शिकायतों, बल्कि जन संवाद पोर्टल और सोशल मीडिया ग्रीवेंस ट्रैकर पर दर्ज शिकायतों की स्थिति की भी समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए।



झज्जर। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित प्रबुद्धजन एवं बच्चे। फोटो : हरिभूमि

## अहिल्याबाई होल्कर ने समाज को दी नई दशा व दिशा

**झज्जर।** शुक्रवार को बादली गांव में चल रहे राजमाता अहिल्याबाई आदर्श सिलाई केंद्र में राजमाता अहिल्याबाई होल्कर का 300वां जन्म दिवस बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया गया। इस दौरान राजमाता अहिल्याबाई की जीवनी पर और उनके कार्यों को देखते हुए एक व्याख्यान का आयोजन भी किया। यह आयोजन सेवा भारती झज्जर के संरक्षक करतार सिंह गुलिया की देखरेख में हुआ। सेवा भारती के जिला प्रमुख डॉक्टर रमेश लाठर व सचिव कुलबीर जून के नेतृत्व में किया गया। इस दौरान सेवा भारती के जिला प्रमुख सामाजिक समरसता हवा सिंह मलिक ने सिलाई कढ़ाई का प्रशिक्षण ले रही छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि राजमाता अहिल्याबाई होल्कर हम सब की आदर्श है।



बहादुरगढ़। सांसद मनोज तिवारी का स्वागत करते डॉ. पंकज जैन। फोटो : हरिभूमि

## सांसद मनोज तिवारी का किया स्वागत

**बहादुरगढ़।** भाजपा जिला उपाध्यक्ष डॉ. पंकज जैन ने शुक्रवार को कार्यकर्ताओं के साथ भगवान परशुराम जन्मोत्सव कार्यक्रम में शिरकत की। जैन ने समारोह स्थल पर भगवान परशुराम की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर नमन करते हुए कहा कि मनुष्य को उनके जीवन दर्शन से प्रेरणा लेकर सदैव सत्य, कर्तव्य, धर्म के मार्ग पर चलकर समाज हित में काम करना चाहिए। डॉ. पंकज जैन ने भगवान परशुराम सम्मेलन में पहुंचे सांसद व दिल्ली भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मनोज तिवारी का बहादुरगढ़ में फूलों का गुलदस्ता भेंट कर स्वागत किया। समारोह में शिरकत करते हुए डॉ. पंकज जैन ने कहा कि हरियाणा की नायब सरकार संत महापुरुषों की जयंती राज्य स्तर पर मनाने रही है ताकि युवा पीढ़ी संत महापुरुषों के दिखाएं मार्ग पर चलकर राष्ट्र की सेवा करने के साथ-साथ अपने जीवन को भी सफल बना सके।

## पीड़ित पर ही आग लगाने का आरोप

**बहादुरगढ़।** शहर में स्थित एक मकान में संदिग्ध परिस्थितियों में आग लगने से एक व्यक्ति झुलस गया। उसे एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। परिजनों ने उस व्यक्ति पर ही जान बूझकर आग लगाने का आरोप लगाया है। महिला बीरमति का कहना है कि उसका अपने पति के साथ प्रॉपर्टी को लेकर विवाद चल रहा है। अक्सर वह मेरे साथ झगड़ा करता है। गत 12 मई को भी वह नशे की हालत में आया और गालियां देने लगा। फिर वह मेरी 11 वर्षीय नातिन को गलत नीयत से कमरे में ले जाने लगा। मैंने जैसे तैसे नातिन का बचाव किया। आरोपी पर थाने में पोक्सो सहित अन्य धाराओं के तहत केस दर्ज है। गिरफ्तारी से बचने के लिए उसने मेरे कमरे के दरवाजे तथा खुद पर ज्वलनशील पदार्थ डालकर आग लगा ली। फिर हम पर ही आरोप लगा दिया। आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की जाए। बहरहाल, आरोपों की सत्यता जांच का विषय है। पुलिस जांच के बाद ही मामले की असल तस्वीर सामने आ सकेगी।

# भारत के उज्ज्वल भविष्य की नींव का पत्थर है टॉपर प्रतिभाएं: ओमप्रकाश बेरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बेरी

भारत को विश्व की आर्थिक शक्ति व साधन संपन्न राष्ट्र बनाने में छात्र प्रतिभाओं का बौद्धिक कौशल निर्णायक भूमिका अदा कर रहा है। आज हमारा इलाका छात्र प्रतिभाओं के क्षेत्र में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी उपस्थिति दर्ज करा रहा है। माजरा स्थित सीआर स्कूल की छात्राओं ने हरियाणा में शीर्षतम स्थान प्राप्त करके यहां के बौद्धिक सशक्तिकरण का परिचय दिया है।

इस विद्यालय की छात्राओं तानिया, रोमा व इशु ने उत्कृष्ट अंक प्राप्त करके शिक्षा जगत को अचंभे में डाल दिया है। ये उद्गार सीआर स्कूल माजरा में बोर्ड टॉपर छात्राओं को आशीर्वाद देते हुए बेरी के पूर्व विधायक चौधरी ओमप्रकाश बेरी ने व्यक्त किए। ओमप्रकाश बेरी ने कहा कि सीआर स्कूल का स्टाफ व प्रबंधन समिति बधाई के पात्र हैं। जिन्होंने दिन-रात मेहनत करके झज्जर जिले का नाम शिक्षा कैलेंडर में शीर्ष पर पहुंचा दिया है।



बेरी। होनहार छात्रा को आशीर्वाद देते हुए पूर्व विधायक चौधरी ओमप्रकाश बेरी।

माजरा गांव के ही प्रिंसिपल हुकम सिंह ने पंजाब यूनिवर्सिटी लाहौर में स्वर्ण पदक प्राप्त किया था। जाट कॉलेज रोहतक को बुलंदियों तक पहुंचने में प्रिंसिपल हुकम सिंह के योगदान को भुलाया नहीं जा सकता। वहीं दूबलधन, जींद व महम के कॉलेजों को संचालित करने में अपना सारा जीवन लगा दिया था। वहीं माजरा गांव की प्रोफेसर सुरेश ने रोहतक के महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय रोहतक में स्वर्ण पदक प्राप्त किया था। वे गणित की जानी-मानी विशेषज्ञ व कॉलेज-प्राचार्य रही है। प्रोफेसर संजय ने केमिस्ट्री में विश्वविद्यालय परीक्षा में गोल्ड मेडल प्राप्त किया था। वे रसायन शास्त्र के रोहतक जिला के के जाने-माने प्रोफेसर हैं। इससे भी कहीं आगे दूबलधन गांव की हर्षिता कादयान ने सीडीएस परीक्षा में देशभर में तीसरा स्थान प्राप्त करके अपनी ज्ञान प्रतिभा का लोहा मनवाया है। यहां के बीएसएम बिगोवा की छात्राओं राखी, कंचन, भावना व इशिका आदि ने बोर्ड की योग्यता सूची में शीर्ष स्थान पाने में सफलता हासिल की है। ये छात्राएं एवं उनके अभिभावक भी बधाई के पात्र हैं। झज्जर जिले ने अबकी बार प्रतियोगी परीक्षाओं में अपना परचम फहराया है। इस खुशी से मेरी उम्र बढ़ी है। इससे और भी खुशी की बात है कि इस शैक्षिक अवसर पर मुझे भी शामिल होने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है। इसके लिए सभी प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं, स्कूल के निदेशक मास्टर जय भगवान व सुनीता कादियान को बधाई देता हूं। इस मौके पर सीआर स्कूल के निदेशक मास्टर जयभगवान, प्रिंसिपल सुनीता कादियान, सतवीर मास्टर, रमेश पीटीआई सहित स्टॉफ के अन्य सदस्य भी मौजूद रहे।



बहादुरगढ़। सीएम को ज्ञापन सौंपती निशा। फोटो : हरिभूमि

## सीएम तक पहुंचा ज्वाइनिंग न मिलने का मामला

**बहादुरगढ़।** मेरिट लिस्ट में नाम आने के बाद भी प्रोग्राम ऑफिसर के पद पर ज्वाइनिंग न मिलने से परेशान बहादुरगढ़ निवासी निशा ने ग्रीवेंस कमेटी सदस्य जसबीर सैनी के साथ मुख्यमंत्री नायब सैनी से मुलाकात की। निशा ने सीएम को दिए ज्ञापन में कहा है कि मैंने जिला बाल कल्याण अधिकारी और कार्यक्रम अधिकारी के लिए आवेदन किया था। जिसका परिणाम 24 जनवरी 2018 को आया। मेरिट लिस्ट के उम्मीदवारों ने तुरंत प्रभाव से अपनी ड्यूटी ज्वाइन कर ली। पीओ मेरिट लिस्ट के कैंडिडेट्स में से दो कैंडिडेट्स उसी समय से जिला स्तरीय के पद पर काम कर कर रही हैं। उन्हें स्थाई रूप से डब्ल्यूसीडब्लयूओ के पद पर डेपुट कर दिया गया है। जबकि मेरिट लिस्ट में होने के बावजूद मुझे आज तक ज्वाइनिंग नहीं दी गई है। न्याय के लिए मैंने 13 सितंबर 2018 को उच्च न्यायालय की शरण ली। जिसमें न्यायालय दवारा प्रतीक्षा सूची में रखे गए पीओ पद के प्रतीक्षार्थियों को भी जिला स्तरीय की तरह लाभान्वित करने के लिए निर्देश दिया गया है। मुझे न्याय दिया जाए। बकौल जसबीर सैनी, मुख्यमंत्री नायब सैनी ने उचित आश्वासन दिया है।

## हरियाली की अलख जगा रहे वजीर राठी

**बहादुरगढ़।** पूर्व पार्षद वजीर सिंह राठी पर्यावरण की अलख जगा रहे हैं। वे पौधों को तैयार कर संस्थाओं को दान कर रहे हैं। शुक्रवार को भी पर्यावरण प्रेमी वजीर राठी ने खुद के द्वारा तैयार किए गए कढ़ी पत्ते, अरवी, आम सहित फूल वाले करीब 150 पौधे हरदयाल पब्लिक स्कूल को निःशुल्क भेंट किए। इन पौधों को स्कूल के मैदान में लगाया जाएगा। जिससे पर्यावरण के साथ साथ स्कूल में वातावरण भी ठीक रहेगा और एक हरा भरा स्वच्छ माहौल भी मिलेगा। वजीर सिंह राठी ने कहा कि हरियाली का विकल्प केवल हरियाली ही है। प्रकृति का संतुलन बरकरार रखने के लिए हमें हरियाली पर जोर देना होगा। न केवल पौधे लगाने हैं, बल्कि पेड़ बनने तक उनका संरक्षण भी करना होगा तभी प्रयास पूरी तरह से सार्थक साबित हो सकेंगे। यदि किसी को पौधों की जरूरत है तो मुझ से निशुल्क प्राप्त कर सकता है। बता दें कि वजीर राठी करीब 15 साल से पौधे तैयार करके पर्यावरण प्रेमियों को भेंट कर रहे हैं। उनके द्वारा दान किए गए हजारों पौधे आज पेड़ बनकर पर्यावरण को स्वच्छ कर रहे हैं।



बहादुरगढ़। पौधे भेंट करते पर्यावरण प्रेमी वजीर राठी। फोटो : हरिभूमि

## सेवा में लगे रहने से जीवन में मिलता है सुख: विनीत

**झज्जर।** शुक्रवार को गुरु अर्जुन देव का शहीदी दिवस मनाया गया। शहर के पंचायती गुरुद्वारा में बाबा नानक निष्काम सेवा समिति द्वारा शब्द कीर्तन का कार्यक्रम आयोजित किया गया। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने गुरु ग्रंथ साहिब को माथा टेका। मुख्य ग्रंथी ने क्षेत्र की सुख-समृद्धि एवं खुशहाली के लिए अरदास की। इसके बाद ठंडे-मीठे पानी की छबील लगाई गई। छबील में सेवादारों ने राहगीरों को ठंडा-मीठा पानी पिलाकर गर्मी में राहत पहुंचाई। सेवादारों ने जो बोले सो निहाल का जयघोष किया। समाजसेवी विनीत पोपली ने कहा कि सेवा में लगे रहने से जीवन में सुख मिलता है।



छबील लगाकर पानी पिलाते हुए श्रद्धालु।

## डॉ. संतराम को पद्मश्री सम्मान मिलने पर डीसी ने दी बधाई

**झज्जर।** डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल ने कहा कि जिले के लिए यह गौरव और सम्मान के क्षण है कि जिले के गांव खेड़का गुर्जर गांव के रहने वाले प्रख्यात साहित्यकार, पत्रकार और समाजसेवी डॉक्टर संतराम देसवाल को वर्ष 2025 का प्रतिष्ठित पद्मश्री पुरस्कार प्रदान किया गया है। भारत सरकार द्वारा साहित्य और शिक्षा के क्षेत्र में उनके विशिष्ट योगदान का उल्लेख करते हुए यह पुरस्कार राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा प्रदान किया गया। उन्होंने डॉक्टर देसवाल को बधाई देते हुए कहा कि, यह पुरस्कार न केवल डॉक्टर देसवाल की व्यक्तिगत उपलब्धि है, बल्कि यह पूरे जिले के लिए गर्व और प्रेरणा का स्रोत है।



डॉक्टर संतराम देसवाल को पद्मश्री से सम्मानित करते हुए राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू।


हरिभूमि
**आवश्यक सूचना**
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
बहादुरगढ़ : सूरजमल वाली गली, गणपति ट्रैवलर्स के ऊपर, नजदीक टैक्सी स्टैंड, बहादुरगढ़
झज्जर :- पुराना बर्फ खाना रोड, शिव चौक, झज्जर
फोन : 8295738500, 8814999142, 8295157800, 9253681005

**मृत्यु अंत नहीं है**
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
**तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश**
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10× 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
झज्जर : हरिभूमि कार्यालय, पुराना बर्फ खाना रोड, शिव चौक, फोन : 8295876400
बहादुरगढ़ : सुरजमल वाली गली, रोहतक रोड, गणपति ट्रैवल्स के ऊपर, 8295852900


### नगर परिषद ने दो एंटी स्मॉग गन भी खरीदी

# दो करोड़ की लागत से होगा डिवाइडर का सौंदर्यीकरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहादुरगढ़

शहर को सुंदर बनाने और हरियाली बढ़ाने के मकसद से नगर परिषद द्वारा कदम उठाया गया है। दिल्ली-रोहतक रोड पर मेट्रो ट्रैक के नीचे डिवाइडर को हराभरा बनाया जाएगा। करीब दो करोड़ की लागत से यह सौंदर्यकरण कार्य पूरा होगा। शुक्रवार को नगर परिषद की चेयरपर्सन सरोज रमेश राठी ने डिवाइडर के सौंदर्यीकरण कार्य का शुभारंभ किया।

सेक्टर-9 बाइपास से ब्रिगेडियर होशियार मेट्रो स्टेशन तक पौधे लगाए जाएंगे। पौधों की सुरक्षा के लिए लोहे की ग्रिल लगाई जाएगी तथा लाइट की भी व्यवस्था होगी। चेयरपर्सन सरोज राठी ने कहा कि ठेकेदार को टेंडर की शर्तों के अनुसार काम करने के निर्देश दिए गए हैं। इसके अलावा हम और अधिकारी लगातार इस काम पर नजर रखेंगे।

डिवाइडर पर फूलों तथा विभिन्न प्रकार के पौधे लगाए जाएंगे। आगे चलकर जब ये पेड़ बनेंगे तो न केवल पर्यावरण के लिए लाभकारी होंगे बल्कि शहर की सुंदरता भी बढ़ाएंगे। पौधों की देखरेख व पानी देने का कार्य नगर परिषद करेगी। इस दौरान नगर परिषद द्वारा 46-46 लाख की कीमत से खरीदी गई दो एंटी स्मॉग गन मशीन को भी हरी झंडी दिखाई गई। भाजपा जिलाध्यक्ष विकास बाल्मीकि, भाजपा नेता दिनेश कौशिक, नगर परिषद के ईओ संजय रोहिल्ला, सेक्रेट्री प्रवीण, जेई नीरज, आशीष, एसआई सुनील हुड्डा, पार्षद राजेश, सविता सैनी, सीमा राठी, ज्योति शर्मा, भाजपा नेता रमेश राठी, ऋषि सोनू भारद्वाज, पूर्व चेयरमैन अशोक शर्मा, सतीश नंबरदार, संजय सैनी, पवन रोहिल्ला, पंकज गर्ग, एडवोकेट गौरव राठी आदि भी इस अवसर पर मौजूद थे।




बहादुरगढ़। नगर परिषद द्वारा खरीदी गई एंटी स्मॉग गन व डिवाइडर सौंदर्यीकरण कार्य का शुभारंभ करती चेयरपर्सन सरोज राठी। फोटो : हरिभूमि

## जानलेवा हमला करने का आरोपी जेल भेजा

**बहादुरगढ़।** गांव साखोल में अपने ही मालिक पर जानलेवा हमला करने के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पूछताछ के बाद आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। सेक्टर 6 थाना प्रभारी दीपक के अनुसार, महावीर पार्क के निवासी मनोज ने शिकायत दी कि उसने गांव सांखोल में मुर्गा फार्म कर रखा है। जहां पर राजेश निवासी हिसार पिछले छह महीने से काम कर रहा था। कुछ समय पहले उसे मुर्गों की हेरा फेरी करते हुए पकड़ा गया था। इसके बाद उसे नौकरी से निकाल दिया गया। मैंने फार्म के पास ही गांव में एक कमरा किराए पर ले रखा है। गत 25 मई की रात को मैं सो रहा था। अचानक राजेश दीवार कूद कर कमरे में आया और मेरे ऊपर धारदार हथियार से वार करने लगा। मुझे काफी चोट आई। वह मौके से फरार हो गया। साथ ही गद्दे के नीचे रखे 70 हजार रुपये भी गायब मिले। केस दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।